देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर

प्रेस–विज्ञप्ति

इन्दौर, 10 जनवरी 2022। विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक आज नालंदा परिसर, में सम्पन्न हुई। बैठक में विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को बढ़े हुए महंगाई भत्ते के भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई।

कार्यपरिषद् ने विश्वविद्यालय में लोकपाल के पद पर डॉ. नरेन्द्र कुमार सत्संगी की नियुक्ति को स्वीकृति प्रदान की। विश्वविद्यालय की क्रीडा समिति में डॉ. रफी मोहम्मद शेख एवं बैडमिंटन खिलाडी सुश्री रिंकू अचार्या को सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया।

कार्यपरिषद् की बैठक में विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह (वर्ष 2020 एवं 2021) के आयोजन की तिथि 03 मार्च 2022 प्रस्तावित की गई जिसे कार्यपरिषद् ने मान्य किया। विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों एवं अधिकारियों के अवकाश नगदीकरण की अवधि 300 दिवस करने के प्रस्ताव को कार्यपरिषद् ने स्वीकृति प्रदान की।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली में प्रतिनियुक्ति पर सचिव के पद पर सेवायें प्रदान कर रहे आईएमएस के प्रो. रजनीश जैन की प्रतिनियुक्ति अवधि में एक वर्ष की वृद्धि को कार्यपरिषद् ने स्वीकृति प्रदान की। कम्प्यूटर सेंटर के नियमित कर्मचारियों को स्टेज 1 से स्टेज 2 में पदोन्नति दिये जाने हेतु संशोधित आदेश को कार्यपरिषद् ने मान्य किया। पत्रकारिता एवं जनसंचार अध्ययनशाला में कार्यरत व्याख्याता श्री प्रेमजीत सिंह के अवकाश संबंधी प्रस्ताव को कार्यपरिषद् ने मान्यता प्रदान की। विश्वविद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था हेतु, वर्तमान में सुरक्षा संभाल रही एजेन्सी के अनुबंध में चार महिने की वृद्धि की गई।

डॉ. चन्दन गुप्ता
मीडिया प्रभारी